NO RESOURCE

दयानंद महाविद्यालय और नई राहें स्कूल के मध्य हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

हिसार।दयानंद महाविद्यालय हिसार एवं डॉ. गोपीचंद भार्गव मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित नई राहें स्कूल के मध्य मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। आइक्यूएसी डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. शम्मी नागपाल ने बताया कि इस एमओयू से नई राहें स्कूल के विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि के लिए दयानंद महाविद्यालय की प्रयोगशाला व पुस्तकालय का प्रयोग कर सकेंगे। स्कूल की मैनेजमेंट भी महाविद्यालय के शिक्षकों को एक्सटेंशन लेक्चर के लिए आमंत्रित कर सकेगी। दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने एमओयू को ज्ञान शोध व शिक्षण का संगम बताया। इस एमओयू द्वारा दोनों संस्थाओं के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। इस एमओयू हेतु संस्था की तरफ से सचिव डॉ. जगदीप भार्गव, श्री सचिन व श्री शन्नी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह, डॉ. शम्मी नागपाल, श्री मंजीत सिंह, श्री नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

दयानंद महाविद्यालय एवं नई राहें स्कूल के मध्य हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 30 अप्रैल : दयानंद महाविद्यालय हिसार एवं डॉ. गोपीचंद भार्गव मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित नई राहें स्कूल के मध्य मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। आइक्यूएसी डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. शम्मी नागपाल ने बताया कि इस एमओयू से नई राहें स्कूल के विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि के लिए दयानंद महाविद्यालय की प्रयोगशाला व पुस्तकालय का प्रयोग कर सकेंगे। स्कूल की मैनेजमेंट भी महाविद्यालय के शिक्षकों को एक्सटेंशन लेक्चर के लिए आमंत्रित कर सकेगी। दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने एमओयू को ज्ञान शोध व शिक्षण का संगम बताया। इस एमओयू द्वारा दोनों संस्थाओं के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। इस एमओयू हेतु संस्था की तरफ से सचिव डॉ. जगदीप भार्गव, श्री सचिन व श्री शन्नी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह, डॉ. शम्मी नागपाल, श्री मंजीत सिंह, श्री नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।